


सत्य की उडान

# अलग पहचान

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

रांची, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024, वर्ष 10, अंक 103 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया


# कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने जेएससीए के खिलाफ दिये जांच के आदेश



रांची। केंद्र सरकार ने झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) और जेएससीए की इकाई, कंट्री क्रिकेट क्लब के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय (एमसीए) ने 7 मार्च को एक निर्देश जारी किया, जिसमें सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी और दिवंगत अमिताभ चौधरी की पत्नी निर्मला कौर द्वारा दर्ज की गयी शिकायत के बाद क्षेत्रीय निदेशक को कंट्री क्रिकेट क्लब के प्रबंधन की जांच करने का निर्देश दिया गया। जेएससीए के वर्तमान प्रबंधन के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए, अमिताभ चौधरी के परिवार ने अगस्त 2022 में पूर्व राज्य निकाय अध्यक्ष के निधन के बाद व्यापक भ्रष्टाचार, धन के कुप्रबंधन और धोखाधडी वाले चुनावों का आरोप लगाया। निर्मला कौर की शिकायत में पटना स्थित वकील और कंट्री क्रिकेट क्लब के पूर्व निदेशक राजीव कुमार सिंह का नाम भी शामिल है।

**विशिष्ट व्यक्तियों को पहुंचाया जा रहा लाभ**

जांच शुरू करने का एमसीए का निर्णय निर्मला कौर की शिकायत पर आधारित है, जिसमें क्लब के संचालन पर सार्वजनिक हित के लिए हानिकारक होने का आरोप लगाया गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि मुख्य रूप से बीसीसीआइ से अनुदान द्वारा वित्त पोषित संसाधनों को व्यापक क्रिकेट समुदाय का समर्थन करने के बजाय विशिष्ट व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा, शिकायत में नवंबर 2023 में हुई चुनाव प्रक्रिया में फर्जी टेंडरिंग और अनियमितताओं के उदाहरणों का हवाला दिया गया है।

**क्लब की कुल आय का नहीं दिया जाता हिसाब : कौर**

निर्मला कौर की शिकायत झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बुनियादी ढांचे के दुरुपयोग और महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को जेएससीए संसाधनों तक पहुंच से वंचित करने कि बात कही गयी है। शिकायत में कहा गया है कि क्लब खातों को ठीक से बनाये नहीं रखा जाता है। क्लब की कुल आय का हिसाब नहीं दिया जाता है। बिजली बिल और क्लब के सभी रखरखाव बिलों का भुगतान बीसीसीआइ अनुदान से किया जा रहा है। क्लब की आय का उपयोग फर्जी टेंडरिंग और खरीदारी में किया जाता है और प्रबंधन समिति क्लब की कमाई से खुद को समृद्ध कर रही है। इसके अतिरिक्त, शिकायत में राजीव कुमार सिंह पर बिहार के पटना में अपना प्राथमिक निवास होने के बावजूद जेएससीए स्टेडियम के भीतर स्थायी क्वार्टर बनाये रखने का आरोप लगाया गया है।

दिसंबर 2023 में, निर्मला कौर ने झारखंड पुलिस में शिकायत दर्ज करायी, जिसके परिणामस्वरूप धुर्वा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गयी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि जेएससीए के कुछ पदाधिकारियों ने राजीव कुमार सिंह के साथ मिलकर अमिताभ चौधरी के निधन के तुरंत बाद उनके लिए निर्धारित कक्षों में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश किया और सामान हटा दिया गया।

## घर में कनेक्शन ही नहीं, फिर भी थमा दिया इतने हजार का बिल



(बेरमो)। बिजली विभाग की लापरवाही और गड़बड़ी सामने आती रहती हैं। अब नया और चौंकाने वाला मामला यह सामने आया है कि साड़म बंगाली टोला में एक महिला के घर बगैर बिजली कनेक्शन के ही विभाग ने भारी भरकम बिल भेज दिया है, जिससे महिला परेशान है।जानकारी के अनुसार, 70 वर्षीय विधवा नूनी बाला नायक नामक महिला के घर बीते दिनों बिजली आपूर्ति अवर प्रमंडल गोमिया (कथारा) द्वारा 15399 रुपए का बिजली बिल भेजा गया है, जबकि महिला के घर बिजली का कनेक्शन ही नहीं है।इसे लेकर राजद जन अभियान के संयोजक इफ्तेखार महमूद ने महिला से मुलाकात की और विभाग की गड़बड़ी पर रोष जताया।महमूद ने बताया कि 15,399 रुपए का बकाया बिल लेकर 21 मार्च को निगम का दस्ता महिला के घर पहुंचा। लेकिन पाया कि वृद्ध महिला के घर कनेक्शन ही नहीं है। जिसके बाद दस्ता बेरंग लौट गया। सरकारी योजना के तहत 2017 में इस महिला को कंज्यूमर बना दिया गया, लेकिन कनेक्शन ही नहीं दिया गया है।

उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन देने का सत्यापन बिना किए ही बिजली बिल जनरेट किया जाने लगा, जो दिसंबर 2023 तक 15399 रुपया हो गया है।

महमूद ने कहा कि छह साल में बिजली बिल देने के लिए जवाबदेह कर्मी उक्त महिला के घर कभी नहीं पहुंचा और न ही बिजली बिल वितरण होने का अधिकारियों द्वारा कभी भी निरीक्षण किया गया।उन्होंने कहा कि बिजली बिल देने के नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। मामला प्रकाश में आने के बाद कथारा के सहायक अभियंता कामेश्वर ठाकुर ने बताया कि बकाया समाप्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## प्रशांत सेमवाल और अधीक्षण अभियंता को सस्पेंड नहीं किया गया तो होगा धरना प्रदर्शन-सोम दत्त शर्मा

**ब्यूरो रिपोर्ट- देहरादून**



**भारतीय** किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के राष्टीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा ने एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी से मुलाकात की और एमडीडीए में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी दी उन्होने बताया की लगातार एमडीडीए विभाग से जुडी खबरे सामने आ रही है यहा पर तैनात एई प्रशांत सेमवाल के काले करतूतों का लगातार खुलासा हो रहा है बावजूद कोइ एक्शन नही लिया जा रहा है यही नही उन्होने बताया की उन्होने ज्ञापन दिया है और उसमे दस दिन का समय दिया है की अगर दस दिनों के अंदर भ्ष्ट एई प्रशांत सेमवाल और अधीक्षण अभियंता के खिलाफ कार्यवाई नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन एमडीए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन का प्रोग्राम करेगी जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी होगी। अपने लिखित शिकायत में उन्होने कहा है की एमडीडीए में जिस तरह परिवार वाद अधीक्षण अभियंता के द्वारा फैलाया गया है वो चिंता का विषय है जहा एक तरफ उत्तरखंड में बेरोजगारी है तो वही दूसरी तरफ इस तरह से अपने ही परिवार को आउटसोर्सिंग के जरिये भर्ती करना गलत है यही नहीं उन्होंने अधीक्षण अभियंता के सगे भतीजे मनीष रावत के जेई पद पर कार्यरत होने पर सवाल उठया और सेमवाल के गलत फाइलों के विषय में भी जानाकरी दी है। जानाकरी के लिए आपको बता दे की प्रशांत सेमवाल के काले करतूतों का लगातार खुलासा हो रहा है बावजूद वीसी साहब कुम्भकर्णी नींद सो रहे थे दरसल ऐसा हम नहीं कह रहे है बल्कि विभाग से जुडे लोग कह रहे थे की वीसी साहब महज निचले कर्मचारियों पर अपना कानून लागू करते है बाकियो पर मेहरबानी करते है इसी बात का जब पता भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा को हुई तो वो अपने सहयोगियों के साथ एमडीडीए ऑफिस जा पहुंचे हालांकि उन्होंने कहा है की एमडीडीए के वीसी ने आश्वासन दिया की जल्दी ही जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी यूनियन के पदाधिकारी ने बंशीधर तिवारी को 10 दिन का समय दिया है अगर 10 दिन में इन समस्याओं का समाधान नहीं होता भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन एमडीए कार्यालय पर एक बाद धरना प्रदर्शन का प्रोग्राम करेगी

## जातियों की संख्या मांगने वाली चिट्ठी लीक होने पर विशेष शाखा धनबाद के डीएसपी को मुख्यालय क्लोज कर दिया गया है




**ब्यूरो, रांची।** जातियों की जिलावार संख्या मांगने की चिट्ठी लीक होने पर विशेष शाखा धनबाद के डीएसपी को मुख्यालय क्लोज कर दिया गया है। उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई होगी। वहीं, विशेष शाखा इस गोपनीय चिट्ठी लीक होने के सभी बिंदुओं की छानबीन में जुट गई है।विशेष शाखा ने अपने सभी 24 जिलों के डीएसपी से लोकसभा चुनाव-2024 के आलोक में वर्तमान भौगोलिक स्थिति एवं राजनीतिक परिदृश्य तथा मतदाताओं का जिलावार जातिगत संख्या व प्रतिशत से संबंधित विवरणी मांगा था। तीन अप्रैल को यह पत्र सभी 24 जिलों के विशेष शाखा के डीएसपी को भेजा गया था। उन्हें इस पर जल्द रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया था।इस पत्र के लीक होने के मामले को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गंभीरता से लिया और कहा कि इस तरह का सर्वे कहीं से भी उचित नहीं है। ऐसे अधिकारी कार्रवाई के दायरे में आएंगे।विशेष शाखा ने अपने सभी 24 जिलों के डीएसपी से लोकसभा चुनाव-2024 के आलोक में वर्तमान भौगोलिक स्थिति एवं राजनीतिक परिदृश्य तथा मतदाताओं का जिलावार जातिगत संख्या व प्रतिशत से संबंधित विवरणी मांगा था। तीन अप्रैल को यह पत्र सभी 24 जिलों के विशेष शाखा के डीएसपी को भेजा गया था। उन्हें इस पर जल्द रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया था।

इस पत्र के लीक होने के मामले को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गंभीरता से लिया और कहा कि इस तरह का सर्वे कहीं से भी उचित नहीं है। ऐसे अधिकारी कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

**विशेष शाखा का यह पारंपरिक कार्य- आइजी**

विशेष शाखा के आइजी प्रभात कुमार ने बताया कि प्रत्येक चुनाव में मतदाताओं की जातिगत संख्या व प्रतिशत जुटाना विशेष शाखा का पारंपरिक कार्य है। यह गोपनीय होता है। विशेष शाखा मुख्यालय अपने ही डीएसपी को गोपनीय चिट्ठी भेजकर यह सूचना जुटाती है, जिसका एक बुकलेट तैयार होता है।

यह बुकलेट गृह सचिव, डीजीपी, प्रमंडलीय आयुक्त, आइजी व डीआइजी को दिया जाता है, ताकि उक्त सूचना के आलोक में शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर वे सुरक्षा संबंधित सभी उपाय कर सकें। यह कोई नया कार्य नहीं, संयुक्त बिहार के समय से अब तक सभी चुनावों में विशेष शाखा इसे करता रहा है।

उन्हीं पत्रों के आधार पर अपने डीएसपी से गोपनीय रिपोर्ट के लिए चिट्ठी जारी की गई थी। धनबाद में विशेष शाखा के उक्त डीएसपी ने इसपर खुद कार्य नहीं कर वहां के डीसी से ही सूचना मांग दी। यह विशेष शाखा की गोपनीयता भंग करना व अनुशासनहीनता है। यही वजह है कि डीएसपी पर कार्रवाई की जा रही है।

## कुठाल गेट से लेकर पानीवाला बैंड तक हटेगा अतिक्रमण,वीसी ने बैठक में लिया निर्णय

**ब्यूरो रिपोर्ट :-**



**खबर देहरादून से** है जहा पर एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को प्राधिकरण सभागार में एक समीक्षा बैठक रखी गई जिसमें उपाध्यक्ष द्वारा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। उपाध्यक्ष ने कहा कि लगातार शिकायते आ रही है उन शिकायतों पर संज्ञान में लेते हुए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने निर्देश दिए हैं कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरांत कुठाल गेट से लेकर पानीवाला बैंड तक अतिक्रमण चिन्हित करते हुए इन्हें हटाने की कार्यवाही की जाए।यही नहीं उन्होंने देहरादून के घंटाघर स्थित एमडीडीए काम्प्लेक्स के टॉप फ्लोर में पीएवीआर की तर्ज पर सुविधाओं को विकसित करने की भी बात कही है बैठक में उन्होंने आमवाला तरला एवं धौलास में आवासीय परियोनाओं को लेकर निर्देशित किया की 19 अप्रैल के बाद इन दोनों योजनाओं में एचआईजी एवं एमआईजी फ्लैट्स का ब्रॉउसर जारी कर दिया जाए।प्राधिकरण की संपत्तियों में जहां भी भूखंड या दुकान आदि रिक्त हैं, उनकी नीलामी की जाए,सांई मंदिर राजपुर रोड पर प्राधिकरण की 600 वर्ग मीटर भूमि पर गेस्ट हाउस निर्माण के निर्देश दिए गए। गेस्ट हाउस बनने के बाद किसी नामी होटल ग्रुप को यह गेस्ट हाउस किराए पर संचालन के लिए दिया जाएगा वही दूसरी तरफ इंदिरा मार्केट रिडेवलपमेंट के अंतर्गत बन रही नई बिल्डिंग के कार्य में ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि इसके लिए अब नया टेंडर किया जाए आपको बताते चले की घंटाघर स्थित mdda कॉम्प्लेक्स में सेट बैक को प्रभावित कर बनाए गए तमाम क्योस्क को हटाया जाएगा। साथ ही इस कॉम्प्लेक्स को संभालने वाली कंपनी से राजस्व की वसूली भी प्राधिकरण करेगा।

## किसानो की बैठक से सीधे महिंद्रा वर्कशॉप पहुंचे एक साथ सभी किसान जानिए क्या है पूरा मामला

**ब्यूरो रिपोर्ट :-**



खबर देहरादून से है जहा पर भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर में एक बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी लोगों की सहमति से प्रस्ताव पास किया गया की हर जिले में महीने के पहले हफ्ते के पहले सोमवार को एक मीटिंग का आयोजन किया जाएगा जो हर महीने होगा सभी जिला अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष सभी पदाधिकारी अपने जिले में इस बैठक में मौजूद रहेंगे किसानो की जो भी समस्या होगी उसका समाधान कराया जाएगा और संगठन को विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा मई के पहले हफ्ते से यह प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसका पालन सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्र में करेंगे उसे दिन किसी भी पदाधिकारी की कोई समस्या नहीं सुनी जाएगी हर पदाधिकारी को महीने में एक दिन जरूर आना होगा वही बैठक के बाद सभी किसान महिंद्रा वर्कशॉप जा पहुंचे जहा पर वहा के कर्मचारियों से मनमुटाव चल रहा था । उन्होंने अपनी गलती को मानकर आगे ऐसी गलती न करने का वादा किया उसे बात से संगठन के सभी लोगों ने उन्हें माफ कर दिया ,और वह मसला समाप्त कर दिया है। संगठन के सभी लोगों का सोमदत्त शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन ने आभार व्यक्त किया।

## शराब घोटाले में ईडी का बड़ा एक्शन, मुख्यमंत्री केजरीवाल के बाद चनप्रीत सिंह को किया गिरफ्तारी॥




नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने सोमवार को दिल्ली शराब नीति (2022-22) घोटाले चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। चनप्रीत सिंह पर आरोप है कि उसने गोवा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी के फंड को मैनेज किया था। इससे पहले 21 मार्च को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी हुई थी। हाल ही में, दिल्ली में आप विधायक दुर्गेश पाठक से भी जांच एजेंसी शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ कर चुकी है।ईडी द्वारा इस मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। चनप्रीत सिंह को पहले भी इसी मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) की एफआईआर के बाद से सामने आया है।ईडी ने कोर्ट को बताया था कि चनप्रीत सिंह ने गोवा में विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार करने वाले सर्वे कार्यकर्ताओं, क्षेत्र प्रबंधकों, विधानसभा प्रबंधकों और अन्य लोगों को नकद भुगतान का प्रबंधन किया था।

**साउथ ग्रुप ने दी थी रिश्वत**

ईडी ने आरोप लगाया था कि साउथ ग्रुप ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली शराब बाजार में प्रमुख पद हासिल करने के लिए 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। शराब नीति 2021-22 नीति को अब खत्म कर दिया गया है। साउथ ग्रुप में बीआरएस नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता, व्यवसायी सरथ चंद्र रेड्डी और अन्य शामिल हैं। ईडी ने दावा किया है कि इन कथित रिश्वत में से 45 करोड़ रुपये का इस्तेमाल आप ने अपने गोवा चुनाव अभियान के वित्तपोषण के लिए किया था।

## सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह फ़ैलाने वाले को सीधे जेल



**झारखंड।**रामनवमी के मौके पर सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले सीधे जेल जायेंगे। इसे लेकर झारखंड पुलिस की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। झारखंड पुलिस प्रवक्ता सह आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि रामनवमी त्योहार को देखते हुए सबसे ज्यादा फोकस सोशल मीडिया पर रहेगा। इसके लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। मॉनिटरिंग सेल बिल्कुल हाईटेक है। राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाली सूचनाएं मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष में एकत्र की जाएंगी। त्योहार के दौरान कई ऐसे तत्व होते हैं, जो समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं ताकि माहौल खराब हो और किसी दूसरे पक्ष को फायदा मिले। रामनवमी त्योहार को देखते हुए पुलिस भी ऐसे तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं है।

अलग पहचान



# स्वीप के तहत इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब से संबंधित जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

- **रांची विश्वविद्यालय के मासकॉम डिपार्टमेंट स्थित सभागार में कार्यशाला का आयोजन**
- **सबसे बडे लोकतंत्र की तरफ देख रही है पूरी दुनिया - डा.नेहा अरोडा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड**
- **छात्रों को मतदान एवं चुनावी प्रक्रिया की दी गयी जानकारी**
- **चुनाव से संबंधित सवालों के सही जवाब देने वाले छात्रों को दिया गया उपहार**





**रांची।**कई देशों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन पूरी दुनिया सबसे बडे लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है। स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवा मतदाता विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। चुनावी प्रक्रिया से परिचित होने के साथ-साथ लोगों को जागरुक करना हम सभी की जिम्मेवारी है। ये बातें अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड नेहा अरोडा ने स्वीप अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय के मासकॉम विभाग में गठित इलेक्टोरल लिट रेसी क्लब की जागरुकता कार्यशाला के दौरान कही। कार्यशाला में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, उपनिदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड रांची आनंद, मशहूर फिल्मकार एवं निदेशक मासकॉम डिपार्टमेंट, रांची विश्वविद्यालय श्री बीपी सिन्हा एवं छात्र उपस्थित थे।

**ऐसा कॉन्टेंट बनायें जो इनफॉर्मेटिव हो- नेहा अरोडा**

कार्यशाला के दौरान नेहा अरोडा ने ईएलसी से संबंधित निर्देशिका में उल्लेखित विभिन्न गतिविधियों को समुचित तरीके से लोकतंत्र में आयोजित करने पर बल दिया। उपस्थित छात्रों से उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया और मतदान के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए ऐसा कॉन्टेंट बनायें जो इनफॉर्मेटिव हो, ताकि लोग जान पायें कि चुनाव के लिए आयोग ने क्या-क्या प्रावधान किये हैं, लोगों को इथिकल वोटिंग के बारे में जागरुक करें।

**चुनाव से संबंधित डिजिटल ऐप एवं वेबसाइट की दी गयी जानकारी**

नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश कुमार यादव ने कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्रों को चुनाव से संबंधित डिजिटल ऐप एवं वेबसाइट की जानकारी प्रदान की। साथ ही स्कूल/कॉलोजों की सक्रिय भागीदारी से युवा मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया से जोडने के उद्देश्य और सार्थकता पर बल दिया।

**"सीईओ झारखण्ड के सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलों करें"**

छात्रों को जानकारी देते हुए उपनिदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड रांची श्री आनंद ने बताया कि मतदाता जागरुकता हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय की ओर से वीडियोज, रील्स, मीम्स, रिंगटोन आदि जारी किये गये हैं, आप सभी इन सामग्रियों को उपयोग करें एवं चुनाव प्रक्रिया से संबंधित ताजा जानकारी के लिए सीईओ झारखण्ड के सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें।

**सही जवाब देने वाले छात्रों को दिया गया उपहार, दिलायी गयी मतदाता शपथ**

कार्यशाला के दौरान छात्रों से चुनाव से संबंधित सवाल भी किये गये। सही जवाब देने वाले छात्रों को उपहार भी दिया गया। आखिर में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड श्रीमती नेहा अरोडा द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलाया गया।

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति, भुताहा तालाब पूजा पंडाल का भव्य उद्घाटन किया गया



**रांची :-** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भव्य उद्घाटन के बाद पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया, महासप्तमी तिथि में बेलवरण पूजा एवं नव पत्रिका प्रवेश सुबह 10:00 बजे किया गया। अयोध्या श्री राम जन्मभूमि को समर्पित पूजा पंडाल एवं भव्य राम लक्ष्मण बजरंगबली की प्रतिमा में मां दिखाई दे रही हैं। जिसका उद्घाटन सयुंक्त रूप से सुरेश साहू, अलोक साहू के हाथों होना सुनिश्चित हुआ, सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष शंकर दुबे एवं महामंत्री गोपाल पारीक द्वारा किया गया। उद्घाटन के वक्त सक्रिय रूप से महासमिति के मुख्य संरक्षक श्री किशोर साहू, रमेश सिंह, राजकुमार गुप्ता,उदय साहू, तथा कोषाध्यक्ष श्री संजय सिंह, प्रवक्ता नमन भारतीय,राजीव रंजन मिश्रा,मंटू चौबे, दीपू सिंह, राजेश वर्मा एवं संस्था के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। पहले दूसरे तथा तीसरी मंगलवारी के सफल आयोजन के बाद अष्टमी मंगलवारी को संध्या 7:00 बजे से, भक्त साक्षात बजरंगबली के दर्शन कर सकेंगे, पवनपुत्र हनुमान आकर्षण का केंद्र,101 किलो शुद्ध घी से निर्मित लड्डू भोग, ढोल नगाड़े तथा अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए भक्त महावीर चौक पहुंचेंगे। दिनांक 18-04-2024 दिन गुरुवार को दोपहर 03 बजे से विशाल विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

इस भव्य उद्घाटन समारोह में अतिथि सुरेश साहू,आलोक साहू,मुख्य संरक्षक श्री किशोर साहू,श्री राज कुमार गुप्ता,श्री उदय साहू,श्री रमेश सिंह,श्री संजय सिंह (लल्लू सिंह), श्री शंकर दुबे, विशाल कृष्णा,विनोद बर्मन,राजू चौरसिया,शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता,नमन भारतीय,राहुल रजक,संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन),आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक,अभिषेक रजक(बाबू),प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक आदि उपस्थित थे।

यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दिया।

# रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी कंचन सिंह ने भी किया चैती छठ व्रत...*

रांची//चैती छठ के पहले अर्घ्य को लेकर जलाशयों में श्रद्धालुओं का लगा जमावड़ा,आस्था के महापर्व छठ में छठ वृत्तियों समेत श्रद्धालु अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य,राजभवन के समीप हटानिया तालाब में छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी कंचन सिंह ने भी किया चैती छठ व्रत पूरे परिवार और मित्र के साथ छठ घाट पहुंचे थे एसएसपी।



# ठगी करने वाले गिरफ्तार



रांची।करोड़ों की ठगी करने वाले सरकारी संवेदक संतोष कुमार मिश्रा गिरफ़्तार ll.

संतोष कुमार मिश्रा के ऊपर झारखंड के विभिन्न थानों में कई मामला दर्ज है संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा झारखंड के अनेक केसों में करोड़ों रुपया की ठगी की गई है इसको लेकर तुपुदाना पुलिस ने आज संतोष मिश्रा को किया गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा ll

# रांची लोकसभा क्षेत्र के द्वारा दिनांक 29/04/2024 से प्रारंभ होने वाले नामांकन की तैयारी को लेकर कोषांग के पदाधिकारी कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक

दिनांक-29/04/2024 को रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने को लेकर बैठक

कोषांग से जुडे सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश

रांची।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कार्यालय कक्ष में रांची लोकसभा क्षेत्र के द्वारा दिनांक 29/04/2024 से प्रारंभ होने वाले नामांकन की तैयारी को लेकर कोषांग के पदाधिकारी कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया गया।



कोषांग से जुडे सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा सभी कोषांग से जुडे सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को उनको दिए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया की सभी अपने दिए गए उत्तरदायित्व का निर्वाहन अच्छे से करेंगे।

चरण-VI (रांची)

(1) अधिसूचना जारी करने की तिथि- 29/04/2024 दिन सोमवार।

(2) नामांकन करने की अंतिम तिथि- 06/05/2024 दिन सोमवार।

(3) जांच की तिथि-07/05/2024 दिन मंगलवार।

(4) नाम वापस लेने की अंतिम तिथि- 09/05/2024 दिन-गुरुवार।

(5) मतदान की तिथि-25/05/2024 दिन-शनिवार।

(6) नामांकन की तिथि गिनती दिनांक- 04/06/2024, दिन- मंगलवार।

(7) पूरा होने की तिथि- 06/06/2024 दिन- गुरुवार।

# ईवीएम-वीपीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन

**राजनीतिक दलों/प्रतिनिधियों के सामने किया गया रैन्डमाइजेशन**





**रानी**।लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त ईएमएस पर ईवीएम-वीपीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित एनआईसी सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों/प्रतिनिधियों के समक्ष जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने ईवीएम-वीवीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया।

रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची एवं कांके विधानसभा, खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत तमाड विधानसभा एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर विधानभा क्षेत्र के ईवीएम-वीपीपैट का रैन्डमाइजेशन किया गया। आपको बतायें कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट का रैन्डमाइजेशन कर तय किया जाता है कि कौन सा बीयू-सीयू कहां भेजा जाना है।

# मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आंतरिक व्यवस्था का किया निरीक्षण

वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक विभिन्न पहलुओं का लिया जायजा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मापदण्डों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश

जिला निर्वाचन रांची। पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा आज दिनांक 15 अप्रैल 2024 को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस के आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोला गया एवं आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा ईवीएम वेयर हाउस के रख-रखाव के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिया गया। इस दौरान रांची जिला के सभी सात विधानसभा क्षेत्र के संबंधित सहायक निर्वाची पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# शिव मंदिर रामनवमी पुजा समिति

रांची।टंकी साइड, धुर्वा रांची-4

हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी भव्य रूप से रामनवमी का महापर्व मनाया जायेगा । वर्ष 2022 में 601 मीटर कपडा का महावीरी ध्वज लहरा कर सुर्खियों में रहने के बाद वर्ष 2023 में 1100 मीटर कपडा का ध्वज लहराया गया था।



इस वर्ष2024 में पुन: 1501 मीटर का भव्य महावीरी ध्वज लहरानें की तैयारी में शिव मंदिर रामनवमी पुजा समिति टंकी साईड धुर्वा की समिति लगी हुई है।

आप सभी राँचीवासियो का समिति हार्दिक अभिन्दन करती है और पुरे राँचीवासियो का हमारी समिति हार्दिक स्वागत करती है।

# मुरी एवं श्यामनगर चेक पोस्ट का निरीक्षण

**एसडीओ रांची उत्कर्ष कुमार एवं डीएसपी सिल्ली ने किया निरीक्षण**

**हर आने जाने वाले वाहनों को गहनता से जांच करें-एसडीओ**

रांची।लोकसभा चुनाव को 2024 को निष्पक्ष एवं भयमुक्त कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी क्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी, रांची, सदर श्री उत्कर्ष कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली ने मुरी एवं श्यामनगर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा पूरी व्यवस्था का जायजा लेते हुए तकनीकी तौर पर दक्ष रहने, वोटरों का किसी तरह से भयादोहन न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।



अनुमण्डल पदाधिकारी, रांची श्री उत्कर्ष कुमार ने अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोकथाम लगाने के संबंध में दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हर आने जाने वाले वाहनों को गहनता से जांच करें। खास तौर पर शराब, नगदी व आर्म्स, मतदाताओं को प्रभावित करने वाली अन्य सामग्री पर नजर रखें।

# लोस चुनाव एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर बनी रणनीति

रांची: भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच लोकसभा चुनावों में राज्य की सभी 14 सीटों एवं गांडेय उपचुनाव पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। इस मुलाकात और चर्चा में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने चुनावों के सभी पहलु पर बेहतर तरीके से अपना पक्ष रखा। और समीकरणों को अपने पक्ष में करने के अपने अनुभव बताए।



चर्चा के दौरान सहमति बनी कि चुनावों को लेकर दोनों दलों का संयुक्त निर्णय सामने आएगा।साथ ही समन्वय स्थापित कर मजबूती से चुनाव लडा जाएगा। और एनडीए की जीत तय करने के लिए साझा रणनीति और कार्यक्रमों के साथ चुनावी मुहिम तेज की जाएगी। सभी बातों को केंद्र में रखकर दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करना ही मूल लक्ष्य है।

उक्त बैठक आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कांके रोड, रांची स्थित आवास में हुई

# उलगुलान न्याय महारैली में भाजपा का होगा पर्दाफाशः कांग्रेस



**रांचीः** उलगुलान न्याय महारैली में भाजपा के झूठ,फरेब, धोखाधड़ी का पर्दाफाश जनता के सामने किया जाएगा।
उक्त बयान जारी करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से भाजपा पूरे देश के लोगों को अलग-अलग मुद्दों में उलझा कर भी देश की मूल समस्याओं बेरोजगारी और महंगाई से लोगों का ध्यान नहीं भटका सकी है और जनता प्रधानमंत्री मोदी से अपनी बदहाली के हिसाब मांग रही है।
श्री शांति ने कहा कि एक बार फिर देश के सामने मोदी साहब की जुगल जोड़ी लोक लुभावना घोषणाओं की बाढ़ लेकर आए हैं जिसे बीजेपी संकल्प पत्र रहती है और इसे मोदी की गारंटी का नाम दिया गया है। महारानी में झारखंडी जनता को मोदी के 10 वर्षों में किए वादे और सच्चाई के साथ साथिया भी बताया जाएगा कि भाजपा ने आदिवासियों, किसानों,युवा,महिला,पिछड़ा, दलित समाज के लोगों के विकास के लिए काम करने की जगह देश के पूंजीपति औद्योगिक घरानों और कंपनियों के लिए काम किया। इलेक्टोरल बांड के जरिए किए गए देश के सबसे बड़े घोटाले के सच से भी जनता को अवगत कराया जाएगा कि किस तरह "चंदे के बदले धंधे" का जाल भाजपा ने इस देश में फैला रखा था जिससे जनता पूरी तरह अनजान थी।
उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का संकल्प भाजपा ने लिया है जो देश के संविधान में बदलाव कर न इलेक्शन में सिलेक्शन करने की तैयारी मोदी शाह द्वारा की जा रही है और इस इरादे के साथ वह अपने कदम बढ़ा चुके हैं। यही कारण है कि अपने "संविधान बदलो पत्र" में भाजपा ने जनता को फिर मुफ्त बिजली,मुफ्त राशन,आयुष्मान का दायरा बढ़ाने का लॉलीपॉप जनता को दिया है। बुलेट ट्रेन चलाने को पटरियां नहीं है और बुलेट ट्रेन विस्तार का वादा किया जा रहा है। आदिवासी समुदाय को बरगलाने के लिए भगवान बिरसा मुंडा का नाम लेने से भी भाजपा परहेज नहीं कर रही है, जबकि आदिवासी समुदाय स्वयं के धर्म कोड के लिए लंबे समय से संघर्षरत है, लेकिन एक दशक तक सत्ता में काबिज रहने के बाद भी भाजपा ने सरना कोड
की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जो इनकी दोहरी मानसिकता का परिचायक है। रैली के माध्यम से झारखंड की जनता को भाजपा के झूठे वादे और उसके विपरीत परिणामों से अवगत कराया जाएगा ताकि जनता उनके झूठे वादों के जाल में न फंसे॥

# व्यावसायिकवाहनोंकेमैकेनिकों के लिए इनोवेटिव कैंपेन शुरू



**रांचीः** परिवहन समाधानों की एक अग्रणी प्रदाता, एसकेएफ इंडिया ने बड़े ही गर्व से एक व्यापक राष्ट्रव्यापी ट्रक एक्टिवेशन अभियान, "इंस्टॉल कॉन्फिडेंस, इंस्टॉल एसकेएफ' शुरू करने की घोषणा की है, जो विशेष रूप से व्यावसायिक वाहनों के मैकेनिकों के लिए तैयार किया गया है। यह ट्रक 14 अप्रैल को रांची के मैकेनिक कम्युनिटी को जागरूक किया। इसके बाद यह ट्रक 16 अप्रैल को बोकारो में आगमन करेगा। इस पहल का पहला उद्देश्य है व्यावसायिक वाहनों के लिए एसकेएफ की पेश की गई सुविधाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना, जो परिवहन क्षेत्र में स्थिरता को मज़बूत बनाते हुए मैकेनिकों के जीवन को सुव्यवस्थित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका दर्शाते हैं। एसकेएफ ऑटोमोटिव इंडिया और दक्षिण पूर्व एशिया के निदेशक अलगेसन थसारी का कहना है कि एसकेएफ में, हम उन उद्योगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं, जिस समाज का हम हिस्सा हैं, और जिस ग्रह पर हम सभी निवास करते हैं। एसकेएफ ट्रक एक्टिवेशन अभियान निर्माताओं और मैकेनिकों के बीच की दूरी को मिटाने, सहयोग को बढ़ावा देने और परिवहन उद्योग को निरंतर सेवा देते हुए उनके भीतर सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है।

# श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीर पताका का वितरण



**रांचीः** युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) ने रामनवमी के उपलक्ष्य में विभिन्न श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीर पताका का वितरण किया
युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में 15 अप्रैल,सोमवार को सप्तमी के अवसर पर रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के पास अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल के नेतृत्व में महावीर पताका लोगो के बीच वितरण किया गया.शाम पांच बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न इलाकों के श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीर पताका का वितरण किया गया.
समिति के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि महावीर पताका प्राप्त करने से पहले श्रद्धालुओं ने उसे अपने माथे से लगाया और श्रद्धा भाव से जय श्री राम और बजरंग बली की जय के नारे लगाए और उनके चेहरों पर राम के प्रति आस्था और भक्ति का भाव स्पष्ट दिख रहा था.
पताका वितरण कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल,विक्की कुमार,राजु काठपाल,बासु बेरा,रवि सिंह,विवेक कुमार,जिम्मी गुप्ता,मुकेश नायक,अनमोल सिंह,अरविंद कुमार,आलोक कुमार सिंह,शिल्पी कुमारी वर्मा,विनीता कुमारी,अमित रॉय,मंजुला बेरा,वीणा श्री,छाया वर्मा,रीता सेन,ममता वर्मा एवं सुनीता मेहता शामिल हुए.



रांची ।सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के द्वारा रामनवमी पर्व को लेकर अति संवेदनशील एवं संवेदनशील क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।
इसके तहत चान्हों मे मदरसा, माण्डर मे मुड़मा और सोसई आश्रम, बुढ़मू मे उमेड़डा, चकमे और मतवे, रातु मे हुरहुरी, नगड़ी मे साहेब और नगड़ी मस्जिद एवं कॉके में होचर और सुकुरहुटू एवं अन्य संवेदनशील स्थल का भ्रमण कर संबंधित पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# शिक्षकों की भारी कमी के कारण लचर होती जा रही है राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्थाः अभिषेक शुक्ला।

## राज्य के सभी विश्वविद्यालय में लगभग 50 से 70% शिक्षकों के पद रिक्त : अभिषेक शुक्ला।

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा व्यवस्था की स्थिति भयावह है जिसका मुख्य कारण राज्य में शिक्षकों की भारी कमी है, शिक्षकों की कमी के कारण राज्य के छात्र छात्राएं एवं युवा वर्ग को उच्य शिक्षा प्राप्त करने में काफी मुश्किलों का सामान करना पड़ रहा है।
वर्ष 2008 में राज्य सरकार द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर की बहाली के लिए वैकेंसी निकाली गई थी। उसके बाद लगभग 16 वर्ष बीत जाने के बाद आज तक राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय में शिक्षकों की बहाली के लिए वैकेंसी नहीं निकाली गई जबकि इस दौरान राज्य के सभी विश्वविद्यालय में हजारों की संख्या में शिक्षक रिटायर हुए हैं।
परंतु खाली पड़े पदों को भरने में राज्य सरकार कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है इसका भुगतान राज्य के वैसे छात्र छात्राओं एवं युवाओं को भुगतना पर रहा है जो उच्य शिक्षा प्राप्त करने मे दिलचस्पी रखते हैं।
2018 में राज्य सरकार द्वारा लगभग 1100 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया
परंतु इसमें कुछ चुनिंदा विषय में ही बहाली हुई जब की बहुत सारे अभ्यर्थी अभी भी इंतजार की आस में है।
यूजी के लिए 5000, पीजी के लिए 7000 के बेरोजगारी भत्ता का वादा कर शासन में आई वर्तमान राज्य सरकार ने बेरोजगारी भत्ता देना तो दूर
राज्य के उच्च शिक्षा व्यवस्था को बदहाल करके रखा है। जिसकी झलक राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर साफ-साफ दिखाई देती है।
आगे अभिषेक शुक्ला ने कहा कि अगर जल्द ही शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा शुरू नही किया गया तो छात्र आजसू चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# ढुल्लू और उनके परिजनों की बेनामी संपत्तियों का जल्द खुलासाः सरयू



**रांची।** विधायक सरयू राय ने भाजपा नेताओं को नसीहत दी। उन्होंने भाजपा के उन नेताओं पर निशाना साधा है, जिन्होंने सरयू राय को अपना ज्ञान अपने पास ही रखने की सलाह दी है। सरयू राय ने कहा कि उन्हें इन विवरणों की वस्तुस्थिति और सत्यता की जांच अपने सूत्रों से करा लेनी चाहिए। उसके बाद उन्हें इस बारे में प्रतिक्रिया देनी चाहिए कि प्रधानमंत्री की घोषणा की कसौटी पर भाजपा के ऐसे उम्मीदवार खरा उतरते हैं या नहीं?
भाजपा उम्मीदवार के पास बेनामी अचल संपत्ति
सरयू राय ने कहा है कि मेरे पास भाजपा के इस घोषित उम्मीदवार और उनके परिवारजनों द्वारा खरीदी गयी बडी संख्या में बेनामी अचल संपत्तियों और कंपनियों के नाम का विस्तृत ब्योरा भी है। ये कंपनियां दो साल पूर्व दिवालिया होने के कगार पर पंहुच चुकी थीं। इनमें से कई भूखंड गोविंदपुर अंचल के तुमादाहा मौजा में ही स्थित है। ये कंपनियां अभी भी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के दस्तावेज में सक्रिय दिख रही है। जीएसटी और आयकर का भुगतान भी कर रही हैं।
जल्द ही सार्वजनिक करूंगा
सरयू राय ने कहा कि ढुल्लू के पास आय की तुलना में अचल परिसंपत्तियां अधिक हैं। ऐसे व्यक्तियों और कंपनियों के बारे में प्राप्त सूचनाओं का मिलान आधिकारिक दस्तावेजों से करने के उपरांत शीघ्र ही इसे भाजपा नेताओं की जानकारी के लिए सार्वजनिक करूंगा, ताकि वे नहीं चाहते हुए अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकें। उनका जमीर जग सके। यह मामला आय से अधिक संपत्ति का ठोस उदाहरण है।

# अम्बेडकर जयन्ती के शुभ अवसर पर लोकहित अधिकार पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न




**रांची।प्रदेश** अध्यक्ष सुनील साहू की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक प्रदेश कार्यालय महावीर नगर राँची में सम्पन्न हुई ! बैठक में सभी लोकसभा के सम्भावित उम्मीदवार और जिलाध्यक्षगण उपस्थित रहें ! मौके पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डाक्टर भीम राव अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ! बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम ने किया !
प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने सभी सम्भावित उम्मीदवार को चुनाव आयोग के नियमावली से अवगत कराया ! राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता जी के निर्देशानुसार सभी सम्भावित उम्मीदवारों को पार्टी का टिकट उपलब्ध करा दिया गया !
संचालनकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम ने कहा कि सभी लोकसभा के सम्भावित उम्मीदवारों के सहमति से नामांकन करने की तिथि तय कर ली गई है ! सभी के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष जी स्वंय उपस्थित रहेंगे !
सम्भावित उम्मीदवारों में चतरा लोकसभा के संजय कुमार स्नेही , हजारीबाग लोकसभा के कुंज बिहारी साव , राँची लोकसभा के हरिनाथ साहू , लोहरदगा लोकसभा के रामचंद्र भगत , खूँटी लोकसभा के कांशीनाथ सांगा , पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा के श्रीमती सुभद्रा सिंकु , जमशेदपुर लोकसभा के मनोज गुप्ता , पलामु लोकसभा के सनन राम भूईयां , कोडरमा लोकसभा के अखिलेश्वर साहू , गिरिडीह लोकसभा के ज्ञानेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डू साव , गोड्डा लोकसभा के टीपलाल साह , राजमहल लोकसभा के इंद्रजित मंडल ने भी अपने अपने विचार रखें !
मो. अजहर आलम , प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी , लोकहित अधिकार पार्टी , झारखंड !*

# भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी हैः प्रतुल शाहदेव



**रामगढ।** होटल शिवम इन में सोमवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी भाजपा का संकल्प है और भाजपा का संकल्प मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि इस अवधि में सरकार ने देश के लोगों की आकांक्ष पर खरा उतरने का कार्य किया है। बताया कि केंद्र सरकार ने कोरोना काल में देश के 80 करोड लोगों को मुफ्त अनाज देने का कार्य किया है। जिसकी अवधि बढाई गई है और आनेवाले 5 वर्ष तक लोगों को यह सुविधा मिलती रहेगी। बताया कि देश के 34 करोड लोगों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया गया है। कहा कि इसके तहत लोगों के 5 लाख तक का इलाज मुफ्त होता है। प्रतुल ने संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि आयुष्मान योजना में अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को लाने का संकल्प भाजपा ने लिया है। श्री शाहदेव ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत देश की 10 करोड महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। भविष्य में सिलेंडरों की संख्या को बढाने पर विचार किया जाएगा। देशभर में 11 करोड शौचालयों का निर्माण करवाया गया। प्रेस वार्ता में बताया कि 43 करोड को मुद्रा लोन उपलब्ध करवाया गया। इनमें से 13 करोड ने दुबारा योजना का लाभ लिया। प्रतुल शाहदेव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत देश के 11 करोड किसानो के खातों में प्रतिवर्ष 600 हजार रूपए भेजे जाते हैं। बताया कि वर्ष 2014 के बाद देश का कृषि बजट 5 गुणा बढाया गया है। 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व के 11वें नंबर की अर्थव्वस्था थी जो अब विश्व की 5वीं बडी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। आनेवाले कुछ वर्षो्ं में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र

अलग पहचान


# धनबाद विधानसभा स्तरीय मासस एंव मायुमो की बैठक संपन्न

**देश की सार्वजनिक संस्था की लूट की खुली छूट दे रखी है :- जगदीश रवानी**



धनबाद, 15 अप्रैल धनबाद विधानसभा क्षेत्र मासस एंव मायुमो की संयुक्त कार्यकर्ताओं की एक बैठक नरेश पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई l बैठक का संचालन मायुमो जिला सचिव राणा चटराज ने की l बैठक में मुख्य रूप से मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी उपस्थित थे l बैठक को संबोधित करते हुए मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि आज देश को भाजपा एक नई गुलामी की ओर ले जा रहा है l देश के तमाम संपदा एवं सार्वजनिक उद्योगों को कॉरपोरेट कंपनी के हवाले करने के साथ - साथ यहां की संपदा को लूटने की खुली छूट दे रखी है l आज झारखंड को भी नए रूप से शोषण का जरिया बना रहा है l आज देश में सबसे बड़ी समस्या महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती गरीबी है l जिसका निदान भाजपा के पास नहीं है l उन्होंने कहा कि आज कोयलांचल में चाहे माफिया शक्ति हो या लुटेरा, रंगदार हर प्रकार के शोषण के खिलाफ मासस और लाल झंडा लड़ते आयी हैं l ये चुनाव देश के साथ-साथ कोयलांचल की भविष्य निर्भर करता है l इसलिए आम जनता, मजदूर - किसान से आह्वान है कि मासस को अपना व्यापक मतदान देकर सही जनप्रतिनिधि संसद में भेजने का काम करें l जो यहां की मजदूर किसान, छात्र, नौजवान, आम गरीबों की आवाज बनेगी l मुझे विश्वास है की, इस बार मासस एवं लाल झंडा भाजपा के विजय रथ को रोकेगी l

बैठक में मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, सुभाष चटर्जी, विजय पासवान, राकेश सिंह, ललिता देवी, संतोष रवानी, अरविंद तिवारी, मंटू रवानी, भोला ताम्रकार, सुरेश पासवान, राजकुमार रवानी, औरंगजेब खान, मोहम्मद अख्तर, अधिवक्ता कन्हैया कुमार, राजकुमार सिंह, सरफुद्दीन अंसारी, दिलीप भुईया, लालु राय, रियाज अंसारी आदि उपस्थित थे l

# टुंडी में एक लाख क्यूबिक फीट अवैध बालू जब्त

**7 नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज**



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने आज टुंडी में छापामारी कर एक लाख क्यूबिक फीट अवैध बालू जब्त किया है। साथ ही इसमें संलिप्त 7 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

इस संबंध में खान निरीक्षक श्री विनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि आज टुंडी के अंचल अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौरसिया, खान निरीक्षक श्री विनोद बिहारी प्रमाणिक एवं मनियाडीह थाना के पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से मौजा-सर्रा में औचक छापामारी की गई।

इस क्रम में अवैध रूप से खनन कर स्टॉक की गई लगभग 100000 क्यूबिक फीट बालू को जब्त किया गया। जब्त बालू स्थानिय लोगों को जिम्मेनामा पर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण में संलिप्त 7 नामजद व्यक्तियों, आरिफ अंसारी, पिता-स्व रहमान मियां, ललन राय, पिता-सुरेन्दर राय, अरूण चौधरी, पिता-गणेश चौधरी, सिकंदर चौधरी, पिता-गणेश चौधरी, पप्पु राय, पिता-अयोध्या राय, रजाक अंसारी, पिता- स्व मगरूद्दीन मियां तथा गुलाम अंसारी, पिता-स्व बक्सी मियां, सभी ग्राम-सर्रा, थाना-मनियाडीह, के विरुद्ध मनियाडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स को समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य में मिला सम्मान।



**धनबाद**- ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स टीम को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य और लगातार समाज के प्रति कुछ अच्छा करने की कोशिश को देखते ह्यूमैनिटी टीम के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल एवं टीम को सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में आयोजित समाजसेवी सम्मान समारोह में आमंत्रित कर डॉ. सर्वमंगला प्रसाद एवं सर्वमंगला ग्रुप के द्वारा सम्मानित किया गया।

जहाँ मोके पर सर्वमंगला पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष डॉ. हरदेव प्रसाद, चेयरमैन ई. महेंद्र प्रसाद, प्रिंसिपल डॉ. प्रभा सक्सेना, प्रबंधक प्रकाश कुमार, दिलीप कुमार, मृतुंजय कुमार मंडल, ह्यूमैनिटी टीम के केंद्रीय सदस्य जॉन स्मिथ, अमित रवानी, राकेश कुमार, भजन मंडल एवं अन्य मौजूद थे।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण एवं एएमएफ का सत्यापन किया गया।

क्षेत्र भ्रमण के पश्चात सभी पर्यवेक्षकों के साथ एएमएफ सुनिश्चित करने के संबंध में की गई बैठक

स्वीप के तहत बलियापुर में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण एवं एएमएफ का सत्यापन किया गया।

इस दौरान ग्राम पंचायत ढोखरा में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 232,233, 234, 235, 236, 237 उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढोखरा एवं बलियापुर पश्चिम के मतदान केंद्र संख्या 315, 316, 317 बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बलियापुर में रैंप,शौचालय, पेयजल, बिजली इत्यादि की जांच की गई। जांच के दौरान सभी व्यवस्था उत्तम पाई गई।

क्षेत्र भ्रमण के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी पर्यवेक्षकों के साथ एएमएफ सुनिश्चित करने के संबंध में की गई आदतन कार्रवाई की समीक्षा मतदान केंद्रवार की गई।

इसके अतिरिक्त स्वीप के दैनिक क्रियाकलापों में बलियापुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कालीपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रातः भ्रमण कर जागरूकता रैली निकाली गई एवं बेलगाडिया कॉलोनी में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के द्वारा मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 25 मई 2024 में निश्चित रूप से अपना मत का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। मतदाताओं को भय मुक्त एवं प्रलोभन रहित होकर मतदान में भाग लेने के बारे में बताया गया।

आज के स्वीप कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी सहित संबंधित पर्यवेक्षक और बीएलओ उपस्थित थे। एएमएफ की समीक्षा बैठक में सभी पर्यवेक्षक उपस्थित थें।

# प्रभातम मॉल में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**मॉल के संचालक एवं कर्मियों ने मतदाता जागरूकता के तहत ली मतदान करने की शपथ**

**प्रभातम मॉल के सभी कर्मियों को कराया गया वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड**

**धनबाद**|जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त आज दिनांक 15 अप्रैल 2024 को जिला के प्रभातम मॉल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

इसी दौरान प्रभातम मॉल के सभी संचालकों, कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों एवं मॉल में आये लोगों के बीच इस कार्यशाला में जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया।

आगामी लोक सभा आम चुनाव 2024 में सभी लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। साथ ही वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता जागरूकता के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। आज के कार्यशाला में नोडल पदाधिकारी द्वारा सभी कर्मचारियों को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई।

इस कार्यक्रम में प्रभातम मॉल के विभिन्न प्रतिष्ठानों के संचालक, कर्मचारी, आम नागरिक समेत अन्य उपस्थित थें।

# टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक सम्पन्न

पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने मतदाता जागरूकता के तहत ली मतदान करने की शपथ

टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कराया गया वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय में सुरक्षा ड्रिल के दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर वोटर अवेयरनेस फोरम (वीएएफ) और ओरिएंटेशन की बैठक आयोजित की गई।

इसी क्रम में टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय के सभी पदाधिकारी कर्मचारी पर्यवेक्षकों के बीच इस कार्यशाला में जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया।

आगामी लोक सभा आम चुनाव 2024 में सभी कर्मचारियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। साथ ही वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता जागरूकता के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। आज के कार्यशाला में नोडल पदाधिकारी द्वारा सभी कर्मचारियों को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई।

इस कार्यक्रम में टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मचारी समेत अन्य उपस्थित थें।

# डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में झरिया के लगभग 50 बूथों में निकली गई मतदाता जागरूकता रैली

कम मतदान प्रतिशत वाले झरिया में आम मतदाताओं को की गई अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील



अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई।

जागरूकता रैली कम मतदान प्रतिशत वाले 41 झरिया के वार्ड नंबर 36, 43, 44 एवं 45 में पड़ने वाले लगभग 50 बूथों से गुजरते हुए वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया।

रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबील आदि वितरित किए गए।

मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, झरिया अंचलाधिकारी श्री सुमन प्रसाद, अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के सभी प्रतिनिधि, जिला आइकॉन श्वेता किन्नर समेत आम नागरिक मौजूद रह

# समाज सेवी संस्था स्पंदन के सदस्यों ने हिंदू मिशन आश्रम के अनथा बच्चों के साथ में मनाया बांग्ला नव वर्ष।

***अनाथ बच्चों के बीच बाटे कॉपी पेंसिल रबर सेपनर चॉकलेट और केक***





**धनबाद**,समाज सेवी संस्था स्पंदन के सदस्यों ने आज धनबाद हीरापुर स्थित हिंदू मिशन आश्रम में जाकर अनाथ बच्चों के बीच में कॉपी पेंसिल रबर सेपनर चॉकलेट और केक बाट कर अपना बंगला नव वर्ष पोएला वैशाख मनाया।अनाथ बच्चों ने उपहार पाकर बहुत खुश नजर आए।आपको बता दे की बांग्ला समुदाय में अपना नववर्ष पोएला वैशाख का बहुत ही महत्व होता है।

आज का इस कार्यक्रम में समाजसेवी संस्था स्पंदन के अध्यक्ष मनोज मजूमदार सचिव बोरनाली सेनगुप्ता के अलावा देवदास सेनगुप्ता,नीलकमल खवास,प्रसेनजीत पोद्दार,सैकत मल्लिक,राहुल हालदार,बबलु गांगुली,अरबिंदो बैनर्जी,मीता पाल,सुपर्णा पोद्दार,लिलामोय गोश्वामी,शानु चौधरी,ऋषिता सेनगुप्त,रिशान सेनगुप्त,और पिंटु हालदार उपस्थित थे।

# विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के छात्रों ने लगाया प्रश्नपत्र में गड़बड़ी का आरोप



**झरिया।** राजीव गांधी मेमोरियल टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज डिगवाडीह में परीक्षा देने पहुँचे बिनोद विहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट स्टडीज के छात्रों ने लगया प्रश्न पत्र में गडबडी का आरोप बाघमारा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल महतो भी वही विभाग के छात्र है और वे हिंदी से परीक्षा दे रहे है और साथ मे बहुत से बच्चे हिंदी में लिख रहे है लेकिन प्रश्न पत्र पर सिर्फ अंग्रेजी भाषा के माध्यम से प्रश्न अंकित है जिसका उन्होंने विरोध किया और कहा जब सभी विभाग हिंदी अंग्रेजी दोनों भाषाओं से परीक्षा दे रहे है और उनका प्रश्न भी दोनों भाषाओं में है तो सिर्फ मैनजमेंट स्टडीज विभाग में ऐसा क्यों या तो सभी विभागों की तरफ एक समान परीक्षा लिया जाए या तो हमलोगों को हिंदी में परीक्षा लिखने ही नही दिया जाए विशाल महतो द्वारा जब परीक्षा हॉल में पूछा जाता है कि ऐसा क्यों हो रहा है तो उन्हों ने परीक्षा नियंत्रके का हवाला दिया और जब परीक्षा नियंत्रक से फोन के माध्यम से पूछा गया तो उन्हों ने कहा में इसमे क्या करूँ अपना विभाग में बात कीजिये वही प्रश्न पत्र सेट करते है और जब विभाग में बात किया जाता है तब बोला जाता है रुको बात करते है इसमें क्या हो सकता है आप हमेसा देखते होंगे कि bbmku गडबडियों के कारण सुर्खियों में रहता है कभी कॉपी बाट दिया जाता है प्रश्न पत्र छापा ही नही गया होता है तो कभी दूसरे परीक्षा की जगह की ओर का प्रश्न बाट दिया जाता है इसका हम पुर जोर विरोध करते है।

# पूर्वी टुंडी क्षेत्र में गठित ईएलसी के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

***आम मतदाताओं को की गई अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील***

***झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में ईएलसी के छात्राओं द्वारा स्वीप अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया***




***धनबाद/***पूर्वी टुंडी क्षेत्र के मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर आज दिनांक 15/04/24 को पूर्वाह्न में विद्यालयों में गठित ईएलसी के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली के दौरान आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की गई। स्वीप पंपलेट, हैंडबील वितरित किए गए। रैली में नोडल पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक, प्रधानाध्यापक, स्वीप टीम सहित सभी ईएलसी सदस्य ने भाग लिया।

इसके अलावा झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में ईएलसी के छात्राओं द्वारा स्वीप अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने स्लोगन, कविता लिखकर, ड्रॉइंग बनाकर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया।

# धनबाद वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा के बाद मारुति नंदन हनुमान जी की प्रतिमा नव निर्मित मंदिर में स्थापित किया गया, श्री राम भक्त हनुमान जी का जयकारा से गूंज उठा कुसुम विहार अंबिका अपार्टमेंट,



**चार** दिवसीय मारुति नंदन श्री हनुमान जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के हवन और पूर्णाहुति में श्रद्धालुओ की भीड़ देखने को मिली, यज्ञ स्थल पर हवन एवं पूजन कर यजमान सहित श्रद्धालुओं ने बजरंग बली को ध्यान कर आशीर्वाद लिया इस दौरान 56 भोग लगाए गए वही इस अवसर पर महाभोग का भी आयोजन किया गया वही इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह कुसुम विहार स्थित यज्ञ स्थल पहुंची जहा उन्होंने माथा टेक कर मारुति नंदन का ध्यान कर परिवार समेत समस्त कोयलांचल वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की वही सभी को अपनी विशेष शुभकामनाएं दी।जहा लगातार कुसुम विहार सहित अन्य जगहों से श्रद्धालुओं का आना लगा रहा। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य भूमिका में श्री जितेंद्र पांडेय श्रीमती प्रिया पांडेय श्री विश्व प्रताप सिंह श्रीमती रागिनी सिंह श्री दुष्यंत सिंह श्रीमती ज्योति सिंह श्री अशोक कुमार ओझा श्रीमती अंजू आनंद श्री मानिकचंद तिवारी श्री राकेश कुमार चौबे श्री उदय कांत ठाकुर श्रीमती मंजू ठाकुर श्री धनंजय रवानी श्री आनंद ओझा समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

# जातिवाद का विष घोलने वालों के गलत इरादे नाकाम करने में क्षेत्र की जनता जागरूक: रमन शर्मा

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**



**बडौत।** बागपत लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में जनसंपर्क करते हुए युवा रालोद नेता रमन शर्मा के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न गांवों का दौरा किया तथा वोट मांगे। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि, रालोद प्रत्याशी की जीत से क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित होंगे।

युवा नेता रमन शर्मा ने बडौत क्षेत्र के ग्राम लुहारी, जागोस, कोताना सहित आधा दर्जन गांवों में युवाओं को भरोसा दिया कि, रालोद प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान की जीत के साथ ही बहुमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा, क्षेत्र में उद्योग, रोजगार तथा कृषि आधारित विशेष योजनाओं से किसानों की आय दोगुनी करने के कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। दावा किया कि, क्षेत्र में जातिवाद का जहर घोलने की कोशिश करने वालों के गलत इरादे कभी पूरे नहीं होंगे।

इस अवसर पर युवा नेता रमन शर्मा के साथ मुख्य रूप से मेरठ महापालिका के पूर्व सभासद भाई गफ़्फ़ार ,चौधरी अखिल भारतीय जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरपाल रोहटा , राजीव तोमर, धीरज डांगी, राकेश डांगी आदि शामिल रहे।

# पाठशाला पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर दो युवकों पर बोला गया जानलेवा हमला, एक की हालत गंभीर

**संवाददाता शशि धामा**



**खेकडा।**कस्बे के दिल्ली -सहारनपुर मार्ग स्थित पाठशाला बस स्टेंड पर सांकरौद के दो युवकों को हमला कर घायल कर दिया गया। घायलों में एक युवक की हालत तो गम्भीर बनी हुई है।

क्षेत्र के सांकरौद गांव का रहने वाला 17 वर्षीय कुलदीप किसी काम से पाठशाला बस स्टैंड पर आया था तथा उसके साथ उसका साथी भी था।पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर उन पर तीन- चार युवकों ने लाठी डंडों आदि से हमला बोल दिया ,जिसमें दोनों घायल हो गए। कुलदीप का हमले में सिर भी फट गया।चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दियाया, जिस पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए दिल्ली के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है।हमलावर खेकडा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। कोतवाली में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है।

# अग्नि सुरक्षा सप्ताह,कोणार्क विद्यापीठ में सिखाए आग सुरक्षा उपाय ,बच्चों को किया प्रशिक्षित

**संवाददाता शशि धामा**



**खेकडा।**अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत सोमवार को फायरकर्मियों ने कोणार्क विद्यापीठ में आग से बचाव उपायों का प्रदर्शन किया तथा बच्चों को आग बुझाने के लिए प्रशिक्षित भी किया।वहीं अग्निशमन कला प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को सम्मानित किया गया।

बता दें कि, अग्निशमन विभाग 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। सोमवार को अग्निशमन दल ने रसोईघर में रखे गैस सिलेंडर के आग पकड लेने पर उससे तुरंत बचाव के लिए अपनाने वाले उपाय बताए तथा मौके पर उनका प्रदर्शन भी किया। उन्होने आग लगने पर बिना घबराए प्रबंधन के तौर तरीके बताए तथा आग बुझाने के कई उपायों की जानकारी दी। वहीं अग्नि सुरक्षा से जुडी कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता हुए छात्र एहसास ,दीप और ईशिका को ट्राफी दी गई।

इस दौरान स्कूल प्रबंधक देवेन्द्र धामा, अग्निशमन अधिकारी विश्वास मलिक, प्रधानाचार्य अतुल गोस्वामी, मुकेश कुमार, बागेश्वर त्यागी, कुंदन झा, अमरजीत, तरुण, गय्यूर, ललित आदि शामिल रहे तथा बताए गए उपायों को हर किसी के लिए उपयोगी बताया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक लापता, रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता संजीव शर्मा**

**बालैनी।**बाखरपुर बालैनी निवासी युवक छोटू पुत्र राजबीर सिंह रविवार को अपने घर से यह कहकर निकला था कि, वह अपनी बुआ के यहां जा रहा है ,लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी वह वहां नही पहुँचा । संदिग्घ परिस्थितियों में लापता हुए युवक के परिजनों ने उसे काफी तलाश किया, मगर कोई पता नही चल पाया। युवक के पिता राजबीर ने मामले की रिपोर्ट बालैनी थाने में दर्ज कराई है । पुलिस युवक कीतलाश में लगी हुई है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता, रिपोर्ट दर्ज

बालैनी। थाना क्षेत्र के ओगटी गाँव से 55 वर्षीया महिला संतरेश पत्नी मांगेराम शनिवार को अपने मायके के लिए चली थी ,लेकिन वह संदिग्घ परिस्थितियों में लापता हो गई । परिजनों ने उसको काफी तलाश किया, लेकिन वह नही मिली। महिला के बेटे अंकित ने मामले की रिपोर्ट बालैनी थाने में दर्ज कराई है । पुलिस महिला की तलाश में लगी हुई है।

# दो ट्रेक्टर चालकों में हुई कहासुनी मारपीट में बदली, पांच घायल

**संवाददाता संजीव शर्मा**



**बालैनी।**सीकरी देवी मंदिर पर प्रसाद चढाकर लौट रहे श्रद्धालुओं के ट्रेक्टर को पीछे से आ रहे दूसरे ट्रेक्टर ने मारी टक्कर। कहासुनी के बाद एकाएक किए गये हमले में पांच हुए घायल।

रमाला निवासी विनोद अपने परिवार के साथ रविवार की शाम ट्रेक्टर पर सवार होकर सीकरी देवी मंदिर पर प्रसाद चढाने गया था, सुबह जब वह वापस लौट रहे थे ,तो मेरठ-बागपत हाइवे पर बालैनी स्टैंड के समीप पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनको टक्कर मार दी। विनोद के परिवार ने इसका विरोध किया, तो उन्होने इन पर हमला बोल दिया। हमले में विनोद, प्रवीण, वर्षा, मोनिका, कुसुम घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणो ने घायलों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया । बाद में दोनों पक्षो में समझौता हो गया। वहीं थाना प्रभारी साक्षी सिंह का कहना है कि ,मामले की तहरीर नही आई है, आने पर कार्यवाही की जाएगी।

# सपा प्रतयाशी अमरपाल शर्मा का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत , मिला क्षेत्र के बहुमुखी विकास का भरोसा

**संवाददाता नीतीश कौशिक**



**बिनौली।**दरकावदा गांव में सोमवार लोकसभा क्षेत्र बागपत से कांग्रेस समर्थित सपा प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा का ग्रामीणों ने ढोल नगाडो के साथ फूलमालाएं पहनाकर व आतिशबाजी करते हुए जोरदार स्वागत किया तथा अपने गाँव सहित क्षेत्र में भी प्रचार व सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर हुई सभा में प्रत्याशी अमरपाल शर्मा ने कहा कि ,वह जाति धर्म से ऊपर उठकर क्षेत्र का चहुमुखी विकास कराएंगे। सभी वर्गो के लोगों के साथ दिन रात कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। सभा में पूर्व राज्य मंत्री हाजी तराबूदीन, इस्लाम प्रधान, सुरेन्द्र पंवार, अनीस महिपाल भेडिया, अशफाक खान, नफीश सिद्दकी, अखलाख, सलीम अल्वी, जमील, इसरार, बॉबी पंडित, सद्दाम आदि उपस्थित रहे। उन्होंने तेडा, तितरोदा, फजलपुर, पिचोकरा, बिनौली, बरनावा आदि गांव में भी तूफानी जनसम्पर्क कर वोट मांगे। ग्रामीणों ने उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।

# गांगनौली में सपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत, क्षेत्र के विकास और संघर्षों में साथ रहने का वादा:अमरपाल शर्मा

संवाददाता नीतीश कौशिक



बागपत। सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के चुनाव प्रचार में कांग्रेस व सपा के पदाधिकारियों सहित सामाजिक संगठनों ने भी झौंकी ताकत। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जोरदार स्वागत के साथ ही दे रहे हैं पूर्ण समर्थन का आश्वासन।

छपरौली क्षेत्र के गांव गांगनौली में टीकरी, दोघट , पुसार से आए गणमान्यों ने प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के साथ बैठक की व ग्रामीणों से क्षेत्र के विकास, सहयोग, सौहार्द और हर कदम पर साथ रहने का दिया भरोसा।इस अवसर पर महफूज, फुरकान, कामिल, सुरेंद्र राठी, नीरज पंडित, पं महेश शर्मा, वासिक, महबूब, रणधीर प्रधान आदि मौजूद रहे।

दूसरी ओर सपा के प्रदेश सचिव राजपाल शर्मा के नेतृत्व में सुरेंद्र पंवार, नसीम सिद्दिकी, सुभाष बावली, राकेश रामपाल आदि ने भी जनपद के विभिन्न गांवों में सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा को जीत दिलाने का आह्वान किया और कहा कि, बागपत के स्वर्णिम भविष्य के लिए अमरपाल शर्मा कोई कसर बाकी नहीं छोडेंगे।

# भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र है मोदी की गारंटी, देश की जनता को उसपर विश्वास: पं सुनील शर्मा

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**



**बड़ौत|**प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने नगर के पत्थर वाली मंडी स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय पर प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि , भाजपा का संकल्प पत्र , जन जन के विश्वास का प्रतीक है तथा लाखों लोगों के सुझावों के आधार पर तैयार है, जिससे आमजनता, के सपनों को साकार करते हुए राष्ट्रीय विकास को नयी दिशा मिलेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा, बीजेपी जिन मुद्दों को लेकर मैदान में उतरी है , उनको पूरा किया जायेगा तथा जो मोदी जी का मिशन है, हम सबका वही विजन है। कहा ,संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिस पर देश को विश्वास है। नये भारत का दर्शन आज भाजपा की वजह से हुआ है।

कहा कि, संकल्प पत्र में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सभी को मिल रहा है। 60 करोड़ लोगों को पांच लाख की आयुष्मान बीमा योजना आगे भी जारी रहेगी। 4 करोड़ लोगों को पीएम आवास दिया गया, 3 करोड़ आवास और उपलब्ध कराये जाएंगे। 12 करोड़ पीएम किसान निधि में 6 हज़ार देना है। संकल्प पत्र में नेशन भारत मिशन को आगे बढ़ाया गया है।

केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि, हम आत्मनिर्भर, विकसित भारत को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। लोन की सुविधा 10 लाख से 20 लाख की गई। दावा किया कि, एनडीए व आरएलडी गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान बागपत में भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। इस दौरान जिला प्रभारी डॉ अशोक नागर, जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, बड़ौत विधानसभा प्रभारी गोविन्द चौधरी, विधानसभा संयोजक डॉ पुष्पेन्द्र तोमर आदि मौजूद रहे।

# फजलपुर में दो दिवसीय भगवती मेला शुरू ,कई प्रांतो से आए श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नतें



संवाददाता मनोज कलीना

बिनौली।फजलपुर सुंदरनगर गांव के मा भगवती देवी मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में दो दिवसीय मेला सोमवार को शुरू हुआ ,जिसमें दूर दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी।

आयोजन का शुभारंभ पं सज्जन शास्त्री के निर्देशन में मंत्रोच्चार व पूजा अर्चना के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष पति जयकिशोर व कस्बा अमीनगर चेयरमेन सुनीता मलिक ने किया।इसके उपरांत मंदिर परिसर में देवी भगवती के दरबार में विशेष पूजा अर्चना हुई।

इस दौरान दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान आदि प्रांतों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया व मन्नतें मांगी ।मेले में लगे सैकड़ों लोगों ने जमकर खरीददारी की। बच्चों व युवाओं ने कई तरह के झूलों, ड्रेगन ट्रेन, स्विमिंग पूल व जादू का जमकर लुफ्त उठाया। इंस्पेक्टर एमपी सिंह के निर्देशन में पुलिस बल मौजूद रहा। आयोजन में मंदिर समिति अध्यक्ष चरण सिंह शर्मा, प्रबंधक मा अरुण कुमार अरोरा व मेला संयोजक ग्राम प्रधान सुधीर राजपूत, ब्रह्मदत्त शर्मा, सतीश पाल, कुलदीप, बबली कश्यप, विपिन अरोरा, सचिन, महेश शर्मा, अनिल, ओमेंद्र, सुशील आदि का सहयोग रहा।

# चुनाव संचालन केन्द्र पहुंची 443 ईवीएम मशीन ,331 बूथों पर होगी प्रयोग, 112 रहेंगी रिजर्व




**संवाददाता शशि धामा**

खेकडा।लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। सोमवार को खेकडा स्थित चुनाव संचालन केन्द्र में वाहनों में भरकर ईवीएम मशीनें पहुंच गई, उनको स्ट्रोंग रूम में रखवाया गया है।

बागपत लोकसभा क्षेत्र का चुनाव दूसरे चरण में 26 अप्रैल को है। बागपत, बडौत और खेकडा विधानसभा के 331 बूथों पर मतदान होगा। इसके लिए कस्बे के एलसीपी कालेज को चुनाव संचालन केन्द्र बनाया गया है। यहीं से मतदान टीमें 25 अप्रैल को अपने बूथ की ईवीएम आदि प्राप्त करेंगी। फिर 26 अप्रैल को यही के स्ट्रोंग रूम में सील ईवीएम जमा होंगी। सोमवार को वाहनों में भरकर ईवीएम और वीवीपेट मशीनें केन्द्र पर पहुंच गई।

एसडीएम ज्योति शर्मा ने बताया कि 331 बूथों के 443 मशीने और 456 वीवीपेट मशीन मंगाई गई है। इनमें 112 ईवीएम रिजर्व में रहेगी। सभी मशीनों को सुरक्षा में स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है।

# मनोज बने जैन मिलन के अध्यक्ष, महेश मंत्री व मनोज को कोषाध्यक्ष का प्रभार

**संवाददाता शशि धामा**



**खेकडा।**जैन मिलन खेकडा के वार्षिक चुनाव में मनोज जैन अध्यक्ष और महेश जैन मंत्री चुने गए। मनोज जैन को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

जैन मिलन की बैठक का शुभारंभ भगवान महावीर प्रार्थना से हुआ। चुनाव अधिकारी राकेश जैन की देखरेख में वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। इसमें सर्वसम्मति से मनोज जैन अध्यक्ष, महेश जैन मंत्री, मनोज जैन कोषाध्यक्ष, प्रदीप जैन उपाध्यक्ष, संजय जैन उपमंत्री, मुनील जैन धार्मिक मंत्री, वीरदमन जैन, अंकुश जैन भ्रमण मंत्री, संजय जैन प्रचार मंत्री चुने गए। राकेश जैन और जनेश्वर दयाल जैन को संरक्षक चुना गया। सभा में जैन मिलन के वरिष्ठ संरक्षक शिवचरण जैन के निधन पर नौ बार णमोकार मंत्र पढकर श्रद्धांजलि दी गई। सभा में उपस्थित जैन समाज के प्रधान जिनेश जैन, जैन इंटर कॉलेज के अध्यक्ष नरेश चंद जैन, अनिल जैन , राकेश कुमार जैन ,संजीव जैन, जनेश्वर दयाल जैन ,मनोज कुमार जैन ,महेश जैन, सुमेर जैन, नवीन जैन, वीरदमन जैन ,प्रदीप कुमार जैन, धर्मेंद्र जैन, मनीष जैन ,साहिल जैन ,सौरभ जैन, सिद्धांत जैन ,मनोज जैन आदि ने नवनिर्वाचित नई कार्यकारिणी कमेटी पर हर्ष जताया। सभा का समापन पंचपरमेष्ठी से हुआ।

# भगवती के कालरात्रि स्वरूप की आराधना व यज्ञ

**संवाददाता सीआर यादव**

अमीनगर सराय।कस्बे के मनसा मंदिर प्रांगण में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के सातवें दिन भगवती के कालरात्रि स्वरूप की आराधना की गई। वहीं दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ कमाया, महिलाओ ने संकीर्तन कर भगवती का जप किया।

श्री शतचंडी महायज्ञ में भगवती के कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोचार के साथ की गई, यजमानों ने हवन में आहुतियां डाल देवी की प्रार्थना की। वही दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की ।श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण में कस्बे की महिला श्रद्धालुओं ने भगवती के काल रूप कालरात्रि देवी की पूजा अर्चना की और दोपहर में माता के भजनों से कीर्तन किया। महिला श्रद्धालुओं ने कीर्तन उपरांत प्रसाद वितरण किया। श्री दुर्गा मंदिर में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने मां के श्रंगार सहित नारियल चुनरी भेंट कर मनौती मांगी।

# कुल 540 पोलिंग पार्टियों के 2112 कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

## ••48 कार्मिक प्रशिक्षण में रहे अनुपस्थिति

**संवाददाता नीतीश कौशिक**



**बागपत।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी ,सकुशल, संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें प्रथम पाली में पार्टी संख्या 1 से लेकर 270 पार्टी संख्या तक प्रशिक्षण दिया गया ,जबकि द्वितीय पाली में 271 से 540 पार्टी संख्या तक प्रशिक्षण दिया गया।

मतदान सही तरीके से संपन्न कराने के लिए एक पार्टी में 4 मतदान कार्मिकों को रखा गया है ,जिसके क्रम में आज 2160 कुल कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था , लेकिन 48 कार्मिक प्रशिक्षण लेने में अनुपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डी के सक्सेना सहित आदि उपस्थित रहे।

अलग पहचान



# सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं, गाइडलाइंस भी की गईं जारी

**जुलूसों की रूट की बेरिकेडिंग करने एवं रूटों की देखरेख हेतु ड्रोन, सीसीटीवी कैमरा, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य फैसिलिटी की व्यवस्था ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया**
**जुलूस रुट पर जुलूस के प्रारंभ से समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी ।**
**त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का भड़काउ पोस्ट करने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी**
**रामनवमी पर्व 2024 को लेकर जिले में विधि -व्यवस्था संधारण हेतु जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव की अध्यक्षता बैठक की गईं।**

**बोकारो।** रामनवमी पर्व 2024 को लेकर जिले में विधि -व्यवस्था संधारण हेतु जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में आज दिनांक 15 अप्रैल 2024 को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट अशोक कुमार, उपाधीक्षक बोकारो सदर अस्पताल अरबिंद कुमार, सहायक आयुक्त उत्पाद उमा शंकर सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय उपस्थित थे। बैठक में जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने सभी लाईसेंसधारी एवं गैर लाईसेंसधारी अखाडो की जानकारी



दोनों अनुमंडलाधिकारी से ली। साथ ही निकलने वाले जुलूसों की रूट चार्ट एवं रास्ते में पडने वाले धार्मिक स्थलों की भी जानकारी उनके द्वारा ली गई। इसपर दोनों अनुमण्डल पदाधिकारियों ने बारी-बारी से पूर्व में मनाये गए त्योहारों एवं पूर्व घटित घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव ने समीक्षा के दौरान जुलूसो की रूट की बेरिकेटिंग करने का निदेश दिया। साथ ही रूटों की देखरेख हेतु ड्रोन, सीसीटीवी कैमरा, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य फैसिलिटी की व्यवस्था ससमय पूर्ण करने का भी निदेश दिया। उन्होंने भीड भाड वाले स्थानों पर अग्निशमनालय की व्यवस्था एवं समुचित लाइट की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि क्षेत्रों में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करें एवं जुलूस रुट पर जुलूस के प्रारंभ से समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रखें ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न घटे।

जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का भड़काउ पोस्ट से बचे। उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप एवं सोशल मीडिया पर नियमित रूप से सतत निगरानी करने हेतु निदेशित किया तथा व्हाट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक पोस्ट ना करें से सम्बंधित आमजनों से अपील की । उनके द्वारा सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार को निर्देश दिया गया कि जुलूस जहाँ घूम-घूमकर एकत्र होगी, उक्त स्थान पर मेडिकल का टीम एवं एंबुलेंस मौजूद रखें ।

जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव ने दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों से कहा कि अखाडा के अध्यक्ष व सचिव एवं वॉलंटियर्स के नाम जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए, जिससे किसी भी तरह आपात स्थिति में संबंधित लोगों से समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था संधारण किया जा सके। उन्होंने दोनों अनुमंडल क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों की पहचान करते हुए इसकी सूची तैयार करने को कहा तथा जुलूस के दौरान उपद्रव फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 107/106 के तहत कितने व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है, इसकी सूची की जानकारी ली। अगर कोई व्यक्ति छूटे हुए हैं तो उसके खिलाफ भी 107/106 के तहत कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिलों में आदर्श आचार संहिता 16 मार्च 2024 से लागू है। किसी भी परिस्थिति में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कोई ना करें इससे सम्बंधित आमजनों से अपील की की गई ।

रामनवमी पर सोशल मीडिया के जरिए किसी भी तरह की कोई अफवाह न फैलाई जा सके, इसके लिए जिले में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर फोन नंबर भी जारी किया गया हैं। गाइडलाइंस में आम लोगों से भी कहा गया है कि वे कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें। अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो वह इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरी जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी है जितना मैसेज बनाने वाला भी, इसलिए इस सबमें सावधानी बरतें।

त्योहार को लेकर जिला प्रशासन ने किया नंबर जारी
जिला नियंत्रण बोकारो का दूरभाष संख्या- 06542-223475/247891 एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष 100 (टॉल फ्री नंबर्) तथा 224789
विधि व्यवस्था के संबंध में विशेष सूचनाएं 242266, 222701 पर दी जा सकती है।
अग्निशमन तेनुघाट का नंबर- 9304953400 (24×7)
अग्निशमन तेनुघाट प्रभारी का नंबर- 9471338524
अग्निशमन चास प्रभारी का नंबर- 9304953428 (24×7)
अग्निशमन चास प्रभारी का नंबर- 9973014724
अग्निशमन बोकारो - 9304953427 (24×7)

# पीडीजेकीअध्यक्षतामेंयू०टी०आर०सी० (UTRC) की त्रिमासिक बैठक हुई*

**उपायुक्त सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो श्रीमती विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक सह-सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो श्री पूज्य प्रकाश आदि रहें बैठक में उपस्थित**
**बैठक में कुल 55 अभियुक्तों के मामलों के संबंध किया गया विचार - विर्मश**

रांची।झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राँची के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पीडीजे) सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को यू० टी०आर० सी० (UTRC) की त्रिमासिक बैठक की गई।

जिसमें उपायुक्त सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो श्रीमती विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक सह-सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारों पूज्य प्रकाश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो निभा रंजना लकड़ा, जेल अधीक्षक अरुनाम, प्रभारी लोक अभियोजक विरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहें।

बैठक में कुल 55 अभियुक्तों के मामलों के संबंध विचार - विर्मश किया गया।

इस संबंध में सचिव,जिला विधिक प्राधिकार बोकारो सुश्री निभा रंजना लकड़ा ने बताया कि इस अभियान के तहत मुख्य तौर पर वैसे बंदी जिनकी जमानत संबंधित न्यायालय द्वारा हो चुकी है,किंतु किसी कारणवश उनके द्वारा बैल बॉन्ड दाखिल नहीं किया जा रहा है। उन्हें पीआर बॉन्ड के माध्यम से रिलीज करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही साथ दंड प्रक्रिया संहिता 436ए के तहत आने वाले बंदियों को भी इस अभियान के माध्यम में रिलीज किया जाएगा।

# पेटरवार में उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

**मौके से 600 केजी जावा महुआ एवं 75 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त,टीम ने सामग्रियों को किया नष्ट**

रांची।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सोमवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने पेटरवार थाना अंतर्गत दामोदर नदी किनारे पिछड़ी गांव के धतकीडीह टोला में



अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी अभियान चलाया।

मौके से उत्पाद टीम ने 600 केजी जावा महुआ शराब एवं 75 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया।

छापेमारी के क्रम में अभियुक्त किशुन विश्वकर्मा पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर श्री कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट सुश्री दीपिका कुमारी आदि शामिल थे।

जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण – बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# स्टैंडिंग कमेटी का डीईओ सह डीसी ने किया बैठक

***डीईओ ने सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों को C-Vigil App इंस्टॉल कराया***
***निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा - निर्देशों से कराया गया अवगत***
***लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर चिन्हित डिस्पैच सेंटर - रिसीविंग सेंटर की दी जानकारी***



**बोकारो।**समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक किया। बैठक में कमेटी के सदस्यगण समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने बताया कि 24 अप्रैल, 2024 को प्रथम रेंडमाइजेशन किया जाएगा, जिसकी सूचना उससे पूर्व दे दी जाएगी। साथ ही बताया कि जो भी पार्टी वाले प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर बैनर में संख्या सहित मुद्रक/प्रकाशक का नाम व पूरा पता अंकित होना चाहिए।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए जारी दिशा – निर्देश से अवगत कराया। इस दौरान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 06 गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों की डिस्पैच सेंटर (रवानगी केंद्र) एवं ईवीएम की रिसिविंग सेंटर (प्राप्ति केंद्र) चिन्हित भवन/परिसर की जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि सामग्री-ईवीएम को साथ लेकर मतदान कर्मियों की रवानगी को ले डिस्पैच सेंटर के लिए बीएस सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल को निर्धारित किया गया है। वहीं, मतदान के बाद ईवीएम के रिसिविंग सेंटर के लिए आइटीआइ मोड़, बाजार समिति को निर्धारित किया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि जो भी पार्टी वाले चुनाव प्रचार हेतु स्कूल मैदान का उपयोग करेंगे वो अनुमति सुविधा पोर्टल पर से प्राप्त करना होगा। इसके अलावा सभी को बूथों के नाम परिवर्तन की सूचना भी दी गई। उन्होंने सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों को C-Vigil App इंस्टॉल करने की पूरी जानकारी विस्तार से दी। इसपर सभी प्रतिनिधियों ने अपने-अपने मोबाइल में C-Vigil App इंस्टॉल किया।

मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रतिभा कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, नेशनल पिपुल्स पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, आजसू आदि) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुरूप 06-गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का आगामी 29 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा

**प्रकाशन के बाद नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी**
**नाम निर्देशन का कार्य सुगमता से संपन्न हो इसके लिए पूर्व से ही चेक लिस्ट तैयार करें- डीईओ....**
**नामांकन अवधि में अभ्यर्थी सहित पांच व्यक्ति को रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय कक्ष के अंदर आने की अनुमति होगी।**

**बोकारो।**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में नाम निर्देशन से पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक किया। समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी



समय सारणी के अनुरूप 06-गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का आगामी 29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिले में नाम निर्देशन की प्रक्रिया को सुगम संपादन के लिए नाम निदेशन कोषांग की तैयारी का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में अभ्यर्थी और उनके साथ आने वाले प्रस्तावक को बैठने सहित सभी जरूर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आगे कहा कि नाम निर्देशन का कार्य सुगमता से संपन्न हो इसके लिए पूर्व से ही चेक लिस्ट तैयार करें और उनके अनुसार कक्ष की व्यवस्था तैयार रखें। नामांकन अवधि में अभ्यर्थी सहित पांच व्यक्ति को रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय कक्ष के अंदर आने की अनुमति होगी।

समीक्षा के दौरान अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवकलर, वरीय लेखा पदाधिकारी, पंकज कुमार दुबे सहित नाम निदेशन कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मी उपस्थित थे।

# रामनवमी 2024 को लेकर बदली रहेगी चास की ट्रैफिक व्यवस्था, इन रूटों पर वाहनों को नहीं मिलेगी एंट्री..

यह आदेश दिनांक 17.04.2024 के लिए प्रभावी होगा
बोकारो शहरी क्षेत्रों में रामनवमी पर्व को लेकर रूट डायवर्जन किया गया है।
नयामोड़ से उकरीद मोड़ की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहन का परिचालन सेक्टर-12 मोड़ से होते हुए पुलिस लाईन से होते हुए उकरीद मोड़ जायेंगे



बोकारो।रामनवमी पर्व 2024 के दिन चास में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को अप० 02.00 बजे से अप० 10.00 बजे तक ट्रैफिक में बदलाव किया गया है, जिसमे कई रूटों पर वाहनों के परिचालन में पाबंदी लागू की जाएगी।

ज्ञातव्य हो कि रामनवमी का पर्व इस वर्ष दिनांक 17.04.2024 को मनाया जायेगा। उक्त अवसर पर जुलूस निकाले जाने की परम्परा है, जिसमें काफी संख्या में भीड़ होने की संभावना रहती है। उक्त परिप्रेक्ष्य में दिनांक 17.04.2024 को रामनवमी पर्व के दौरान समय अप० 02.00 बजे से अप० 10.00 बजे तक यातायात को सुव्यवस्थित रखने एवं विधि-व्यवस्था के मद्देनजर निम्न व्यवस्था की जाती है :-

1. पेटरवार की ओर से उकरीद मोड़ की ओर आनेवाली भारी वाहन को जरीडीह टोल के पास रोकी जायेगी।
2. पुरूलिया की ओर से आई०टी०आई० मोड़ की ओर आने वाली भारी वाहन को पिण्ड्राजोरा चेक पोस्ट एवं आई०टी०आई० मोड़ पर रोकी जायेगी।
3. चन्दनकियारी की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाली भारी वाहन को भवानीपुर साईड के पास रोकी जायेगी।
4. धनबाद की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाली भारी वाहन को तेलमच्चो टोल के पास रोकी जायेगी।
5. इलेक्ट्रोस्टील की ओर से आनेवाली भारी वाहनों को तेलगड़िया मोड़ पर रोकी जायेगी।
6. बालीडीह की तरफ से उकरीद मोड़ की ओर आने वाली चार पहिया / तीन पहिया वाहन का परिचालन बांयी तरफ वर्जित रहेगा। सभी चार पहिया/तीन पहिया वाहन का परिचालन स्टेशन मोड़ से उकरीद मोड़ तक दाहिने तरफ से होगा।
7. नयामोड़ से उकरीद मोड़ की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहन का परिचालन सेक्टर-12 मोड़ से होते हुए पुलिस लाईन से होते हुए उकरीद मोड़ जायेंगे।
8. माराफारी से नयामोड़ की ओर आने वाली भारी वाहन का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगी तथा भारी वाहन को रेलवे पुल के पास रोकी जायेगी।
9. चास की ओर से आने वाली तथा उकरीद मोड़ की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहन का परिचालन सेक्टर-12 मोड़ से बांए पुलिस लाईन होते हुए हाईवे से उकरीद मोड़ जायेंगे।
10. सेक्टर-11 की ओर से हवाई अड्डा की ओर आने वाली सभी प्रकार के वाहन का परिचालन पत्थरकट्टा चौक से दाहिने गाँधी चौक होते हुए जायेंगे।
11. राजेन्द्र चौक से राम मंदिर चौक की ओर जाने वाली वाहनों का परिचालन जुलूस के समय वर्जित रहेगा। 12. उकरीद मोड़ बैरिकेटिंग कर पूर्णतः बंद रहेगा।
13. नयामोड़ से उकरीद मोड़ वाले गले मार्ग पर जुलूस के समय बस का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा।

संबंधित थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत वाहनों को निर्धारित समय एवं स्थल पर रोकना सुनिश्चित करेंगे।

# तोपचांची के रामाकुण्ड़ा में आयोजित भोक्ता पर्व के मेला में उमड़ी जनसैलाब॥*

टुंडी / धनबाद। धनबाद जिला के तोपचांची प्रखण्ड अन्तर्गत रामाकुण्ड़ा में भोक्ता पर्व में लगनेवाला मेला में हजारों - हजार की संख्या में दूर - दराज से शिव भक्तों के द्वारा अपने - अपने मनोकामनाएं पूर्ण करने हेतु अपने शरीर की विभिन्न अंगों में लोहे की कील गोदवाकर शिव - भक्त भोगता के खूंटा में जो लगभग 35 -- 40 फ़ीट की ऊंचाई में होते हैं लोगों के सहयोग से घूमकर



शिव पार्वती के प्रति अपनी - अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं ॥

रामाकुण्ड़ा के भोक्ता मेला में चहुंओर से शिव भक्तों के साथ ही साथ दर्शन करने हेतु दर्शक/ श्रद्धालु भी एकत्रित होते हैं ,

तापेश्वर सिंह जो 03 किलोमीटर की दूरी दामोदरपुर नामक गांव से आए हैं , उन्होंने बताया की मैं बचपन से ही अपने पिता समाजसेवी श्री हेमलाल सिंह के साथ आया करता था और अब मैं स्वयं अपने बच्चों के साथ आता रहा हूं, यूं की यहां शिव मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान के साथ तो होती ही हैं , साथ में मेला का आनन्द भी लेने लोग आते-जाते हैं ।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com